**एमरल्ड जैमस्टोन ऑफ़ द ईयर**
फाइन कलर जैम्स प्रा. लि., जयपुर


**नेचुरल जैमस्टोन ऑफ़ द ईयर (एमरल्ड के अलावा)**
एमकेए रूबीलाइट, जयपुर



**16.39**
**कैरेट्स**
**का ज़ाम्बियन एमरल्ड**

# जेईए मास्टर पीस
# 'एमरल्ड जैमस्टोन ऑफ़ द ईयर'




**फाइन कलर जैम्स के डायरेक्टर राजेश डागा को 16.39 कैरेट एमरल्ड के लिए प्रतिष्ठित जेईए 2025 अवार्ड मिला है।**

इस शानदार उपलब्धि पर जैम वर्ल्ड ने उनसे बातचीत की, उसका कुछ अंश हम यहां प्रस्तुत कर रहे हैं :--

## एक आकर्षक एमरल्ड

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर द्वारा आयोजित ज्वैलर्स असोसिएशन शो जस-2025 में जेईए अवार्ड मिलना मेरे लिए महत्वपूर्ण है,** मेरा चयन करने के लिए ज्यूरी, टीम जस-2025 तथा ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर पदाधिकारियों का सादर आभार। जब हमने यह प्रोडक्ट प्रतियोगिता में भेजा, तो मुझे पूरा भरोसा था कि यह अवार्ड जीत सकता है। मेरा यह विश्वास सही साबित हुआ। यह नो-ऑयल जांबियन एमरल्ड है, जिसका प्रमाणित **वजन 16.39 कैरेट है। इसे ग्युबेलिन जैम लैब ने 'एक्सीलेंट ग्रेड' दी है। इसमें हरे रंग की जो आभा है, वह अद्वितीय है, और इसकी कटिंग इसे अत्यंत आकर्षक बनाती है। मेरे स्पष्ट दृष्टिकोण के अनुसार यह जैम स्टोन मात्र नहीं बल्कि एक अनुभव है।**

## कहां से लिया और कब?

हम सामान्यतः एमरल्ड्स की खरीद 'Gemfields' से ही करते हैं, क्योंकि उनका सोर्सिंग और बिक्री प्रणाली पारदर्शी है, जो हमें उपयुक्त और भरोसेमंद लगती है। इस विशेष पीस की खरीद हमने वर्ष 2020 में की थी।


GUBELIN

GEMMOLOGICAL REPORT



Gemfields के पास रफ़ एमरल्ड्स का बड़ा स्टॉक उपलब्ध रहता है, और यह पीस भी उसी स्टॉक में से चुना गया था।जब हमने इस रत्न को पहली बार देखा, तो यह न केवल सुंदर प्रतीत हो रहा था, बल्कि इसकी शुद्धता और प्राकृतिक समृद्धता भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। यह हमारे पास रफ़ शेप में आया था, और इसे खदान से एक मास्टरपीस में बदलने की पूरी प्रक्रिया में हमने अत्यंत सावधानी और बारीकी बरती है।

## खास क्या है?

**यह एक ऐसा पीस है जिसे निश्चित रूप से दुर्लभ कहा जा सकता है और हमारा सौभाग्य है कि हमें यह हमारी खोज - खरीद के दौरान मिला।** कलर, क्लेरिटी, कट, साइज और प्राकृतिक शुद्धता का यह अनूठा संगम है। इतनी विशेषताओं युक्त स्टोन मिलना सौभाग्य की बात है। जैमस्टोन बिजनेस की भाषा में इस तरह के पीस को 'आई क्लीन एमरल्ड' कहा आता है। **ऐसा पीस सामान्यतः कलेक्शन में जाता है, क्योंकि यह सच में असाधारण है।**

## एमरल्ड्स और ग्लोबल बाजार

**एमरल्ड्स के बाजार के लिए यह बहुत उत्साहजनक समय है, श्रेष्ठ गुणवत्ता तथा उच्च क्लैरिटी वाले ज़ांबियन एमरल्ड्स की मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है।** माइनिंग कंपनियां जैसे Gemfields और Grizzly लगातार गहराई में जाकर खनन कर रही हैं, किंतु निकासी अभी भी सीमित है। जिस कारण इसकी कीमतें भी बढ़ी हुई है।

**फ़ाईन क्वालिटी का एमरल्ड्स मिलना अब दुर्लभ हो गया है। आज एमरल्ड्स का बायर केवल सुंदर व अच्छी क्लेरिटी वाले एमरल्ड्स की खरीद को प्राथमिकता नहीं देता बल्कि यह देखता है कि दुर्लभ क्या है।**

**जिस तरह का परिदृश्य है उसे देखते हुए लगता है कि एमरल्ड्स भविष्य के लिहाज से दीर्घकालिक निवेश का आधार है तथा यह किसी खजाने से कम नहीं।**



# जेईए मास्टर पीस
# 'अफ्रीकन अत्तरदानी'
## रूबीलाईट से बना एक मास्टर पीस



**1365** कैरेट्स रूबीलाईट अत्तरदानी

**'नेचुरल जैमस्टोन ऑफ़ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित अनूठी "अत्तरदानी" – रूबीलाइट से बनी यह इत्रदानी वास्तव में कारीगरी और कल्पनाशक्ति की अनुपम मिसाल है।**




"जैम वर्ल्ड ने MKA's Rubellite के निदेशक मनोज अग्रवाल से इस जैमस्टोन के बारे में विशेष बातचीत की। उनकी कही बातें यहाँ प्रस्तुत हैं।

**रूबीलाईट से बनी यह परफ्यूम की बोतल, जिसे 'अत्तरदानी' कहा जाता है, 3kg से ज्यादा वजन के एक बड़े पत्थर से बनाई गई है। इसका वज़न 1365 कैरेट है जिसे देखते ही हर कोई दंग रह जाता है। यह पत्थर करीब बीस साल पहले अफ्रीका से खरीदा गया था। यह सिर्फ़ एक पत्थर नहीं, बल्कि उस पर की गई बेमिसाल कारीगरी और पीढ़ियों से संजोए गए हुनर का अनूठा नमूना है।**

तुर्मली परिवार का यह स्टोन MKA's Rubellite रूबीलाईट के यहां से आया था और इसे JEA (Jewellers Eminence Awards) में 'नेचुरल जैम स्टोन ऑफ द ईयर' का अवार्ड दिया गया है। MKA's Rubellite के निदेशक मनोज अग्रवाल ने बताया कि यह रूबीलाईट तीन किलो से अधिक वजन का है। इतने बड़े आकार पर नक्काशी करना बेहद कठिन काम था, इसलिए पहले इस पर लम्बे समय तक रिसर्च हुई, फिर गहन प्लानिंग के बाद इसे तराशने का काम शुरू किया गया। अंततः एक कुशल और अनुभवी आर्टिसन के



मनोज अग्रवाल 1365 कैरेट की अवार्ड-विनिंग रुबीलाईट **"अत्तरदानी"** एक इत्रदानी थामे हुए हैं, जो एक ही **रुबीलाईट** जैम स्टोन से तराशी गई बेमिसाल कृति है।

हाथों यह अनोखा पीस आकार ले सका। जयपुर में अधिकांश काम छोटे स्टोन्स पर होता है, इसलिए इतना बड़ा और अनूठा उत्पाद तैयार करना अपने आप में एक मिसाल है। **1365 कैरेट के इस एकल पीस से बनी 'अत्तरदानी' केवल एक कलाकृति या निवेश नहीं, बल्कि कारीगरी और कल्पनाशक्ति का भी शानदार उदाहरण है।**

रूबीलाईट एक वाइब्रेंट और उच्च गुणवत्ता वाला तुर्मली है, जिसका गहरा व समृद्ध लाल रंग इसकी खूबसूरती को और निखार देता है। बाजार में प्रचलित ट्रीटेड रूबी के बेहतर विकल्प के रूप में रूबीलाईट को खासा पसंद किया जाता है। चूँकि ट्रीटेड रूबी महंगा और लोकप्रिय है, इसलिए उसकी तलाश करने वाले खरीदार तुर्मली की भी बारीकी से पूछ-परख करते हैं। **मनोज अग्रवाल बताते हैं कि रूबीलाईट अपने स्वाभाविक गुणों की वजह से आकर्षक होने के साथ-साथ तेजी से पसंद भी किया जा रहा है। उनका कहना है कि वे 2005 से इस क्षेत्र में सक्रिय हैं और तुर्मली पर ही उनका विशेष फोकस रहा है।**

अवार्ड जीतने वाली रूबीलाईट की 'अत्तरदानी' सिर्फ़ एक बेशकीमती ज्वेलरी पीस नहीं, बल्कि सही मायनों में अनमोल धरोहर है। यह प्रकृति के सौंदर्य और मानवीय कला-दक्षता का अद्भुत संगम है, जिसने जयपुर की समृद्ध परंपरा को नई चमक और गौरव प्रदान किया है।


Jewellers Association Jaipur

GEM WORLD
Official Magazine Of The Jewellers Association, Jaipur



The **50 year old magazine** has always enjoyed a huge reader base in India as well as across the globe. We invite you to use this platform to advertise in the magazine and expand your **access to a global audience in different parts of the world**. Come forth and showcase your business in one of the most read jewellery magazines of the trade. This e-magazine will be circulated amongst a wide reader-base, hence your brand-reach is unlimited.

**For advertisement tariff or more enquiry, contact:**

**+91 99502 11331 | +91 72299 54040**

E: gemworld@jajaipur.com

READ: https://jajaipur.com/gem-world/

# 'रुबीलाइट' तुर्मली की एक विशिष्ट किस्म



*जैम वर्ल्ड के इस अंक के मुख्य पृष्ठ पर जो अति आकर्षक जैमस्टोन प्रदर्शित किया गया है, वह प्रेसीटोन कंपनी लिमिटेड हमारे लिए इस अंक में लेकर आई है।*
*इस दुर्लभ और अद्वितीय रत्न के बारे में अधिक जानने के लिए हमने प्रेसीटोन कंपनी के* ***निदेशक अनुराग शाह*** *से विशेष बातचीत की।*
*साथ ही, हमने अपने पाठकों के लिए इस रत्न की जैमोलॉजिकल विशेषताओं और जटिलताओं को और गहराई से समझने के लिए प्रमुख* ***जैमोलॉजिस्ट गगन चौधरी*** *का विशेषज्ञता युक्त विश्लेषण भी इस अंक में प्रकाशित किया हैं।*

**"प्राकृतिक, अनमोल और बेमिसाल खूबसूरती का संगम"**

# रत्न व्यापारी दृष्टिकोण

## एक दुर्लभ लाल खजाना

यह जैम स्टोन दो दशक पूर्व नाइजीरिया की खदानों से निकाला गया था जिसका वजन 800 ग्राम है। यह पूरी तरह प्राकृतिक है और सबसे महत्वपूर्ण बात कि यह दुर्लभ है, क्योंकि इस आकार का ऐसा जैम स्टोन बहुत मुश्किल से कई दशकों बाद कहीं देखने को मिलता है। एक तो इसका आकार बड़ा है, दूसरा इसका लाल रंग बहुत साफ है और तीसरे इसमें किसी तरह की अंदरूनी कमी या खामी नहीं है, जो इसे एक दुर्लभ खजाने का दर्जा देती है।

जिस रैड-पिंक शेड में यह स्टोन है और जिस आकार का है, वैसा सही में मिलना अत्यंत दुर्लभ है। रूबीलाईट वस्तुत: तुर्मली परिवार से संबद्ध रखता है, लेकिन इसका रंग रूप इसे रूबी या स्पीनल की रेंज में ले आता है। अपनी गुणवत्ता, आकर्षण तथा आकार के कारण आज यह बेशकीमती हो गया है।

## बाजार में बढ़ रही है मांग

तुर्मली परिवार के स्टोंस का उत्पादन सामान्यतः नाइजीरिया में होता है। बाजार में इस समय जितनी मांग है, उसकी तुलना में उत्पादन बहुत अधिक नहीं है। यह स्टेबल तथा वाइब्रेंट कलर का स्टोन है और अपने आकर्षक लुक के कारण बहुत पसंद किया जाता है, तभी विश्व बाजार में कलर स्टोन कारोबारियों तथा जैम स्टोंस कारोबारियों के बीच बहुत लोकप्रिय है और कारोबार का आधार भी।

हालांकि तुर्मली श्रेणी के कलर स्टोन का उत्पादन ब्राजील तथा अफ्रीका के अन्य देशों में भी होता है, लेकिन वहां खदानों से इसकी आनुपातिक निकासी अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। हाई क्वालिटी रूबीलाईट की मांग रत्न आभूषण कारोबारियों में व जेवरात उत्पादकों के बीच बहुत है और केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य सभी प्रमुख देशों में भी।

रूबीलाइट एक लाल रंग का रत्न है, और लाल रंग को परंपरागत रूप से सौभाग्य, समृद्धि और संपन्नता का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि यह रत्न विशेष रूप से एशियाई देशों में अत्यधिक लोकप्रिय है। इससे बने आभूषण विशेष रूप से महिलाओं को आकर्षित करते हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया से लेकर मध्य-पूर्व देशों तक, लाल रंग की भारी मांग रहती है, और इस रत्न को हाई-एंड ज्वैलरी में 'स्टार प्लेयर' कहा जाता है।

हालांकि लाल रंग में कई अन्य रंगीन रत्न भी बाजार में उपलब्ध हैं, किंतु रूबीलाइट की चमक, गुणवत्ता और सुंदरता के आगे वे फीके पड़ जाते हैं। यही वजह है कि यह रत्न रंगीन रत्न कारोबारियों, आभूषण निर्माताओं और उपभोक्ताओं — तीनों वर्गों में समान रूप से लोकप्रिय बना हुआ है।

## प्रेसीटोन कंपनी लिमिटेड



**अनुराग शाह**

निदेशक, प्रेसिटोन

इस कंपनी ने अपना कार्य परिचालन जर्मनी के एक छोटे शहर इड़ार ओबरस्टाइन से शुरू किया था, जो कि पश्चिमी देशों में सबसे प्रमुख जैम स्टोन सेंटर माना जाता है। यह कंपनी श्रेष्ठ क्वालिटी का रफ स्टोन अपने ग्राहकों को सुलभ कराती है। अब कंपनी ने अपना कार्य आधार बैंकाक (थाइलैंड) में बना लिया है, जिसे कलर स्टोन केपिटल कहा जाता है। यहां से कंपनी विश्व भर के ग्राहकों को उनकी आवश्यकता अनुसार रफ स्टोंस उपलब्ध कराती है।

कंपनी एक ओर जहां कलर्ड जैम स्टोन निर्माताओं तथा ज्वैलर्स को उनकी डिज़ाइन आवश्यकताओं कि पूर्ति कराती हैं, वहीं दूसरी ओर जैम स्टोन कलेक्टर्स के लिए भी दुर्लभ और विशेष आकार-प्रकार के स्टोन उपलब्ध करवाती है।

# रत्नविशेषज्ञ का दृष्टिकोण

***गगन चौधरी, FGA, जो IIGJ-रिसर्च एंड लैबोरेट्रीज़ सेंटर (पहले GJEPC-रत्न परीक्षण प्रयोगशाला, जयपुर) के निदेशक हैं, Gem World के पाठकों को इस खूबसूरत लाल रत्न 'रुबीलाइट' के बारे में बताते हैं।***



## परिचय रुबीलाईट

तुर्मली के कई रंगों में से, रूबीलाइट — जो अपने चमकदार पर्पल-पिंक से लेकर रेड और पर्पल-रेड रंग के लिए जाना जाता है — आज के जैमस्टोन मार्केट में एक अलग पहचान बना चुका है। इसकी गहरी सैचुरेशन, जो रूबी जैसी लगती है, और तुर्मली का अनोखा ऑप्टिकल आकर्षण, इसे डिजाइनर्स और कलेक्टर्स दोनों के बीच लोकप्रिय बनाता है।

"रूबीलाइट" शब्द आमतौर पर उन तुर्मली के लिए इस्तेमाल किया जाता है जिनका रंग गहरा, सैचुरेटेड पर्पल-पिंक से रेड या पर्पल-रेड होता है, और जो हर प्रकार की लाइटिंग में अपना रंग बरकरार रखते हैं।

## केमिकल कम्पोजीशन

रूबीलाइट, एल्बाइट तुर्मली की एक वैरायटी है, जिसका केमिकल फॉर्मूला है: $Na(Li,Al)_3Al_6(BO_3)_3Si_6O_{18}(OH)_4$ इसमें रंग का मुख्य कारण $Mn^{3+}$(ट्राइवैलेन्ट मैंगनीज़) होता है। Fe और Ti जैसे ट्रेस एलिमेंट्स इसमें कभी-कभी ब्राउनिश या ग्रेइश ओवरटोन ला सकते हैं।



## लेखक के बारे में



**गगन चौधरी**

**FGA**

गगन चौधरी, FGA आईआईजीजे-रिसर्च एंड लैबोरेट्री सेंटर (जीजेईपीसी-जैम टेस्टिंग लैबोरेट्री, जयपुर) में निदेशक हैं। चौधरी ने जैम टेस्टिंग लैबोरेट्री, जयपुर, से जैम आइडेंटिफिकेशन में मास्टर्स डिप्लोमा, जैम-ए, यूके से जैमोलॉजी में डिप्लोमा किया है और एसएसईएफ, बाजेल से साइंटिफिक जैमोलॉजी कोर्स पूरा किया है। वे वर्तमान में लैबोरेट्री के टेस्टिंग और रिसर्च के प्रभारी हैं। अंडरस्टैंडिंग रफ जैमस्टोंस, जैम्स एंड रॉक्स (हिंदी में) और द साइंस ऑफ जैम स्टोन ट्रीटमेंट के लेखक, चौधरी www.gem-passion.com के लेखक भी हैं, जहां वे दिलचस्प रत्न सामग्री और अन्य रत्नों पर कई रिपोर्ट साझा करते हैं। वे GIA के जैम्स एंड जैमोलॉजी मैगज़ीन में जैम न्यूज इंटरनेशनल सेक्शन के संपादक भी हैं।

अधिक जानकारी हेतु, कृपया gtl@gjepcindia.com पर ईमेल करें।

# रत्नविशेषज्ञ का दृष्टिकोण

## फिजिकल और ऑप्टिकल प्रॉपर्टीज़

| प्रॉपर्टी | डाइड सर्पेंटाइन रॉक |
|---|---|
| *रिफ्रेक्टिव इंडेक्स (RI)* | *1.614 – 1.666 (मोह्स स्केल पर)* |
| *बायरेफ्रिन्जेंस* | *0.014 – 0.021(मोह्स स्केल पर)* |
| *स्पेसिफिक ग्रेविटी* | *~3.06* |
| *क्रिस्टल सिस्ट* | *त्रिकोणीय (Trigonal)* |
| *प्लियोक्रोइज़्म स्ट्रांग* | *(पिंक / रेड – ऑरेंज पिंक/रेड) रुबीलाइट को एक तरफ से देखने पर इसका रंग गुलाबी या रेड लगता है, और दूसरी तरफ से देखने पर यह थोड़ा ऑरेंज-गुलाबी या रेड दिखता है* |
| *इन्क्लूज़न* | *फेदर्स, ट्यूब्स, ट्रिकाइट्स* |

## एब्सॉर्प्शन स्पेक्ट्रम

रूबीलाइट में एक खास तरह का एब्सॉर्प्शन स्पेक्ट्रम होता है, जिसमें 420 nm से कम और 520–560 nm के बीच लाइट को ज्यादा रोका जाता है। 520–560 nm वाले हिस्से की वजह से रूबीलाइट में रेड और पिंक रंग नज़र आते हैं। यह असर मैंगनीज़ ($Mn^{3+}$) की वजह से होता है। इस बैंड में ग्रीन और यलो लाइट अब्सॉर्ब हो जाती है, जिससे उनका उल्टा यानी रेड और पिंक रंग दिखते हैं।




*रुबेलाइट में 520–560 nm की लाइट मैंगनीज़ के कारण अब्सॉर्ब होती है, जिससे इसका रेड और पिंक रंग दिखता है।*

## ट्रीटमेंट्स

### 1. इरेडिएशन:

गामा या इलेक्ट्रॉन बीम के जरिए हल्के गुलाबी या ब्राउन तुर्मली को गहरे रेड में बदला जाता है। यह ट्रीटमेंट स्थाई होता है लेकिन हीटिंग पर रिवर्स हो सकता है। इसे लैबोरेट्री में पहचानना मुश्किल होता है।





### 2. क्लैरिटी एन्हांसमेंट (फ्रैक्चर फिलिंग):

दरारों को रेज़िन या ऑइल से भरा जाता है जिससे क्लैरिटी बेहतर दिखे। माइक्रोस्कोप में फ्लैश इफेक्ट, फ्लो लाइन्स या बबल ट्रेल्स से इसका पता लगाया जा सकता है। इन्फ्रारेड या रमण स्पेक्ट्रोस्कोपी से रेज़िन की पुष्टि की जा सकती है। अनट्रीटेड रूबीलाइट जो अच्छा रंग, क्लीन क्लैरिटी और सही कटिंग रखता है, बाजार में प्रीमियम माना जाता है। गुणवत्ता और मूल्य निर्धारण के मुख्य कारक रूबीलाइट में 520–560 nm की लाइट मैंगनीज़ के करण अब्सॉर्ब होती है, जिससे इसका रेड और पिंक रंग दिखता है।

# रत्नविशेषज्ञ का दृष्टिकोण

## गुणवत्ता और मूल्य निर्धारण के मुख्य कारक

- **कलर:** सबसे अधिक मूल्य वाले रूबीलाइट वो हैं जो विविड, इवनली सैचुरेटेड पर्पल-रेड से टू रेड रंग दिखाते हैं।
- **क्लैरिटी:** हल्के इन्क्लूज़न स्वीकार्य हैं, लेकिन बड़े क्लीन स्टोन्स रेयर होते हैं।
- **कटिंग:** रूबीलाइट में रंग अलग-अलग दिशा से बदलता है, इसलिए उसमें सही दिशा से कटिंग करना ज़रूरी है ताकि ऊपर से देखने पर रेड रंग सबसे अच्छा दिखे
- **वजन: 5** कैरेट से ऊपर के अनट्रीटेड रूबीलाइट महंगे और डिमांड में होते हैं।



## दुर्लभता और सोर्सेस

रूबीलाइट मुख्य रूप से मोज़ाम्बिक, नाइजीरिया, ब्राज़ील और अफगानिस्तान से आता है। लेकिन साफ़ और अनट्रीटेड मटेरियल बहुत कम मिलता है। लगभग 10% से भी कम मटेरियल ही फाइन क्वालिटी में कटिंग के लिए उपयुक्त होता है।

## डिमांड और उपयोग

रंगीन रत्नों के प्रति बढ़ती जागरूकता और पसंद के चलते, रूबीलाइट की मांग तेज़ी से बढ़ी है। ज्वैलर्स को इसका 'अफोर्डेबल लग्ज़री' लुक, चमकदार रंग और बड़े साइज में कस्टम कटिंग के लिए उपयुक्तता बहुत आकर्षित करती है। रूबीलाइट अब रूबी और रेड स्पिनल का एक अच्छा विकल्प बनता जा रहा है।

कलेक्टर्स खास तौर पर उन रूबीलाइट्स में रुचि दिखा रहे हैं जो नेचुरल और बिना ट्रीटमेंट वाले हों — और अगर लेब सर्टिफिकेट के साथ हों, तो और भी बेहतर।

रूबीलाइट की ड्यूरबिलिटी (मोह्स हार्डनेस 7–7.5) इसे रिंग्स, पेंडेंट्स और स्टेटमेंट ज्वैलरी जैसे ज़्यादातर उपयोगों के लिए उपयुक्त बनाती है। हालांकि, इसमें इंटरनल स्ट्रेस के कारण क्रैक्स आ सकते हैं, इसलिए कटिंग और माउंटिंग में सावधानी ज़रूरी है।

ईस्ट अफ्रीका से इसकी बढ़ती सप्लाई मार्केट में स्टेबिलिटी लाई है, जिससे डिजाइनर्स को कलेक्शन प्लान करने में आसानी हो रही है।

ज्वैलरी डिजाइनर्स को रूबीलाइट का बड़ा साइज, यूनिक कलर टोन और कस्टम कटिंग की सुविधा पसंद आ रही है। वहीं, कलेक्टर्स का ध्यान अब ऐसे रूबीलाइट्स पर है जो कम से कम ट्रीटेड हों और क्लासिक सोर्सेज — जैसे ब्राज़ील, मोज़ाम्बिक या नाइजीरिया — से आए हों।

साथ ही, जो ज्वैलर्स उपभोक्ताओं के लिए काम कर रहे हैं, वे अब रूबी के लिए रेड-टू-पिंक कलर रेंज में नए और दुर्लभ विकल्प तलाश रहे हैं — जिसमें रूबीलाइट मजबूती से उभरा है। कलेक्टर्स उन स्टोन्स की तलाश में रहते हैं जो प्राकृतिक और लैब-प्रमाणित हों।



## निष्कर्ष

रूबीलाइट एक ऐसा रत्न है जिसमें सुंदरता, दुर्लभता और सुलभता (affordability) का संतुलन है, और इसका कमर्शियल पोटेंशियल भी काफी अच्छा है। यह महंगे रेड स्टोंस — जैसे रूबी या स्पिनल — का एक प्रभावी विकल्प बनकर बाज़ार में अपनी अलग जगह बना रहा है। रूबीलाइट की मार्केट एडैप्टेबिलिटी (बाज़ार के अनुसार ढलने की क्षमता) इसे रंगीन रत्नों के व्यापार में और भी अधिक उपयुक्त बना रही है। जैसे-जैसे बिना ट्रीटमेंट वाले हाई-क्वालिटी मटेरियल की उपलब्धता कम होती जा रही है, वैसे-वैसे लैबोरेट्री सर्टिफिकेशन, ट्रीटमेंट डिस्क्लोज़र और बायर एजुकेशन इसकी ग्रोथ के लिए ज़रूरी बनते जा रहे हैं। आने वाले समय में रूबीलाइट की पहचान और मांग और बढ़ने की उम्मीद है — खासकर बड़े, अनट्रीटेड और अच्छी तरह कटे हुए रत्नों की कैटेगरी में।



# दृष्टि से दिशा तक

सी.के. वेंकटरमण और मनोज धांधिया, एक विशेष संवाद जिसमें विचार, दृष्टिकोण और अनुभव मिलकर व्यापार का भविष्य गढ़ते हैं।



*"महान सोच वाले लोग न सिर्फ बेहतरीन विचार लाते हैं, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करते हैं।"*

**-मनोज धांधिया**

ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर के लिए यह गर्व की बात रही कि टाइटन कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सी.के. वेंकटरमन ने JAS-25 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने टाइटन के ज्वैलरी डिवीजन में 2005 से 2012 तक COO और फिर 2012 से 2019 तक CEO के रूप में काम किया। इस दौरान उन्होंने कंपनी को आगे बढ़ाने और नए-नए क्षेत्रों में फैलाने में बड़ी भूमिका निभाई। उनके विज़न और मेहनत से तनिष्क आज भारत का एक जाना-माना ब्रांड बना और साथ ही टाइटन ने अन्य कई क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई।

## उद्योग के जानकारों से संवाद

शो दौरे के दौरान, वेंकटरमन ने मनोज धांधिया से बातचीत की, जो ज्वैलरी इंडस्ट्री के अनुभवी और ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर के पूर्व पदाधिकारी भी रह चुके हैं। इसके अलावा वे कई वर्षों तक ज्वैलर्स असोसिएशन द्वारा प्रकाशित जैम वर्ल्ड पत्रिका की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। उन्हें रत्नाभूषण कारोबार का लंबा अनुभव तथा विशेषज्ञता है। यह साक्षात्कार बहुत सार गर्भित तथा उपयोगी था, साथ ही यह उद्योग से जुड़े लोगों के लिए मार्गदर्शक भी साबित होगा।

## नई पीढ़ी को प्रेरणा

JAS-25 में वेंकटरमन की उपस्थिति उनके इस उद्योग के प्रति समर्पण को दर्शाती है। उनके अनुभव और दूरदर्शिता आज भी प्रोफेशनल्स और नए कारोबारियों को प्रेरित कर रही है – और इस व्यवसाय के भविष्य को मजबूत कर रही है।सी के वेंकटरमन के साथ हुए साक्षात्कार के महत्वपूर्ण अंश यहाँ प्रस्तुत है

## जयपुर की छवि एक जैम कैपिटल के रूप में

जयपुर निश्चित रूप से जैम कैपिटल अर्थात सभी तरह के रत्नों की राजधानी है। गहनों में रत्नों का जड़ाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे उनमें निखार आता है। यहाँ कलर्ड जैम स्टोंस की इतनी वैरायटी है कि उसका और अधिक पूंजीकरण अर्थात मूल्य वर्धन किया जा सकता है।

फ्रेश कट जैम स्टोंस को आधुनिक डिजाइन वाले गहनों में अच्छी तरह जड़ा जाए तो उसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वीकार्यता भी देखने को मिलेगी, अर्थात् ऐसी ज्वैलरी भारतीय युवा मन को तो लुभायेगी ही, साथ ही पश्चिमी देशों के बाजार में भी एक महत्वपूर्ण मुकाम बना लेगी। उदाहरण के तौर पर आधुनिक डिजाइन के बने हुए झुमके में कुंदन सैटिंग हो और साथ ही अलग तरह से कट किया स्टोन लगा हो तो ऐसी ज्वैलरी बहुत पसंद की जा सकती है। इस तरह से बना झुमका न केवल सब को लुभाएगा, साथ ही आधुनिक होते हुए भी भारतीय परंपरा का अहसास भी कराएगा। इस तरह के क्रिएशन्स में बहुत संभावनाएं है और इसमें नई सोच भी नजर आती है।

## कलर्ड जैम स्टोंस व बाजार मांग

हमारे देश में जितनी वैरायटी, कलर और शेड्स के जैम स्टोंस उपलब्ध हैं, उस हिसाब से जो बाजार संभावना जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए बनती है उसका दोहन नहीं किया गया है, अर्थात अभी भी भरपूर संभावनाएं बाकी हैं। अभी तक हमारा फोकस पारंपरिक ज्वैलरी पर आधारित रहा है, इसके बाहर बहुत कम सोचा और किया गया है।

हमने तंजेनाइट, एमरल्ड्स के साथ जोया में बहुत काम किया है, लेकिन मेरा मानना है कि स्टोन कट्स और शेप बहुत महत्वपूर्ण है, इसे महिलाओं की पसंद के अनुसार बनाया जाना चाहिए।

## टाइटन तथा जयपुर के जैम स्टोंस

यह सच है कि इन दिनों सिंथेटिक जैम स्टोंस पर काफी काम हो रहा है, लेकिन प्राकृतिक जैम स्टोंस का इस कारोबार में अपना अलग ही महत्व है। जहाँ तक बात टाइटन द्वारा उत्पादित ज्वैलरी में जयपुर की जैम स्टोंस वैरायटी के उपयोग की है, तो इस डिवीजन में मेरी सीधी भूमिका नहीं रही है। हालांकि, जयपुर में उपलब्ध कलर्ड स्टोंस की विविधता को देखने के बाद यह महसूस हुआ कि इनका उपयोग और अधिक बढ़ाया जाना चाहिए। ज्वैलरी पसंद करने के मामले में ग्राहकों की सोच अब भी काफी हद तक भारतीय संस्कृति से जुड़ी हुई है। इसलिए जो ज्वैलरी हम भारत में बेचते हैं, वह मोटे तौर पर अमेरिका जैसे देशों में भी पसंद की जाती है। इसका मुख्य कारण यह है कि प्रवासी भारतीय अपनी सांस्कृतिक विरासत को ज्वैलरी के माध्यम से महसूस करते हैं। विदेशों में रहने वाले ज्यादातर लोग गुजरात, पंजाब, राजस्थान, पश्चिम



बंगाल और दक्षिण भारत से संबंध रखते हैं। इन क्षेत्रों में जिस तरह की ज्वैलरी का चलन है, वही रुझान अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी दिखाई देता है।

## जियो-पॉलिटिकल परिदृश्य और व्यापार पर प्रभाव

यह बिल्कुल सत्य है कि वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों का व्यापार पर सीधा प्रभाव पड़ता है। हालात हमेशा हमारे अनुकूल नहीं होते, लेकिन ऐसे समय में हमें विचलित होने की आवश्यकता नहीं है। हमें अपने कार्य पर केंद्रित रहना चाहिए और यह सोचना चाहिए कि मौजूदा नियमों और संसाधनों के अनुसार हम अपने काम को कैसे और बेहतर बना सकते हैं।

परिस्थितियाँ हवा की तरह होती हैं—आती हैं और चली जाती हैं। लेकिन यदि हम लगातार अपना श्रेष्ठ प्रयास करते रहें, तो कोई भी चुनौती हमारे विकास की राह में बाधा नहीं बन सकती।



> **"जयपुर की विरासत से जुड़ा—मीणाकारी, कुंदन और प्राकृतिक रत्न—सटीकता से निर्मित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी मूल्य के साथ।"**



## जड़ाऊ ज्वैलरी के कारीगर: विरासत के संरक्षक

जड़ाऊ ज्वैलरी न केवल जयपुर की शान है, बल्कि यह एक सांस्कृतिक विरासत 'ब्रांड' भी है, जिसे जीवित रखने की जिम्मेदारी उन कारीगरों पर है जो पीढ़ियों से इस अद्भुत कला को संजोए हुए हैं। टाइटन ने इस बात को अच्छी तरह समझा है और इस दिशा में विशेष प्रयास किए हैं कि इन कारीगरों को केवल काम न मिले, बल्कि वे सम्मानित, उत्साहित और सुरक्षित महसूस करें।

यदि ज्वैलर्स ही इस कारीगरी को संरक्षण नहीं देंगे, तो इसे आगे कौन बढ़ाएगा? इन कारीगरों को अच्छा वेतन, आर्थिक सुरक्षा और अनुकूल कार्यपरिस्थितियाँ मिलेंगी, तो वे न केवल अपने काम पर बेहतर ध्यान दे सकेंगे, बल्कि उनकी उत्पादकता भी बढ़ेगी। इससे यह पारंपरिक कला सुरक्षित और संरक्षित रह सकेगी।

टाइटन ने इस सोच के साथ काम किया है। मेरा अपना अनुभव 2006 में कोलकाता यात्रा के दौरान बेहद झकझोरने वाला था, जब मैंने वहां के कारीगरों की कठिन स्थितियां देखीं। तभी यह निर्णय लिया गया कि कारीगरों को न केवल सम्मान, बल्कि बेहतर वेतन और कार्य वातावरण भी मिलना चाहिए। यह कारीगरी हमारे सांस्कृतिक इतिहास का अमूल्य हिस्सा है। इसे जिंदा रखना हमारा फर्ज है। वर्तमान पीढ़ी तो इसमें लगी हुई है, लेकिन ज़रूरी है कि अगली पीढ़ी भी इस कला को अपनाए। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो यह समृद्ध परंपरा धीरे-धीरे सिमटती चली जाएगी।

ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर को भी इस दिशा में सोचना चाहिए कि कैसे इस पारंपरिक कारीगरी को सम्मान और पहचान दिलाई जाए। कारीगरों की व्यवहारिक आवश्यकताओं को समझना और उन्हें पूरा करना इस दिशा में पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

## ब्रांड जयपुर: विरासत, विविधता और वैश्विक अवसर

जयपुर निस्संदेह राजस्थान ही नहीं, पूरे भारत की आर्टिस्टिक हेरिटेज की राजधानी है। इस प्रतिष्ठा को बनाए रखने और आगे बढ़ाने की ज़िम्मेदारी जयपुर की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री पर है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में जयपुर की एक खास पहचान बनी हुई है, जिसे और अधिक मज़बूत किया जा सकता है। यहां की मीनाकारी, कुंदन, और प्राकृतिक रत्नों की जो विविधता है, वह विश्वभर के कई बाजारों में प्रतिस्पर्धा कर सकती है—लेकिन कई ऐसे वैश्विक बाजार अब भी हैं जहाँ हम पूरी तरह पहुँचे नहीं हैं। इन अछूते बाजारों तक पहुँचने और वहां 'ब्रांड जयपुर'को स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं। ज़रूरत है एक उचित दृष्टिकोण और आधुनिक सोच की, जो परंपरा और नवाचार को साथ लेकर चले। इस दिशा में युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे आत्मविश्वास के साथ आगे आएं, इस स्थिति का विश्लेषण करें, और संभावनाओं का मूल्यांकन करें क्योंकि उनके पास ऊर्जा, तकनीकी समझ और वैश्विक दृष्टिकोण भी है।







# ICA कांग्रेस 2025: रत्न और आभूषण उद्योग की प्रमुख वैश्विक बैठक

ज्वैलरी इन्फ्लुएंसर और विशेषज्ञ प्रेरणा माखरिया ने ब्राजील में आयोजित ICA कांग्रेस में शिरकत की।

**प्रेरणा माखरिया भारतीय जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में एक सुपरिचित नाम है, जिनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर 306k फालोअर्स हैं और वे एक प्रतिष्ठित फाइन ज्वैलरी इन्फ्लुएंसर के रूप में जानी जाती हैं।** वे जैमस्टोन, ज्वैलरी, वाचेज तथा लाइफस्टाइल की विशेषज्ञ हैं तथा अनेक ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से संबंधित हैं। वे इस इंडस्ट्री में दो दशक से अधिक सक्रिय है। हाल ही में उन्होंने इंटरनेशनल कलर्ड जैमस्टोन असोसिएशन कांग्रेस अर्थात आईसीए में हिस्सा लिया। इस मेगा इवेंट की खास बातों को वे 'जैम वर्ल्ड' के पाठकों के साथ साझा कर रही हैं।

इंटरनेशनल कलर्ड जैमस्टोंन असोसिएशन कांग्रेस (आईसीए) जैमस्टोन इंडस्ट्री का महत्वपूर्ण इवेंट है, जो 19-22 मई को ब्राजील के प्रमुख शहर ब्राजीलिया स्थित 'रॉयल ट्यूलिप अलवोरादा' में आयोजित किया गया था, जो कि यूनेस्को द्वारा 1987 में घोषित एक कल्चरल हैरिटेज साईट है। ब्राजील को वैसे भी जैमस्टोन सोर्सिंग का गढ़ कहा जाता है, ऐसे में इस आयोजन का वहाँ होना विशेष महत्व रखता है।

**इंटरनेशनल कलर्ड जैमस्टोंस** असोसिएशन **ने यह आयोजन ब्राज़ीलियन जैम एंड ज्वैलरी ट्रेड** असोसिएशन **के सहयोग से किया था,** जिसका मुख्य फोकस था **जैम्स फॉर जेनरेशन** अर्थात कलर्ड जैम स्टोंस की सतत आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखना। **इस आयोजन का उद्देश्य था** जैमस्टोन **क्षेत्र के विशेषज्ञ विचार मंथन कर बताए कि कलर्ड** जैमस्टोंन **इंडस्ट्री का भविष्य कैसा है, वर्तमान में ट्रेंड क्या है तथा रेस्पोंसिबल सोर्सिंग कैसे सुनिश्चित हो?**

कांग्रेस में प्रेरणा की मुलाकात **आईसीए के प्रेसीडेंट दामिएन कोडी से हुई।** उन्होंने बताया कि इस इंडस्ट्री के सामने क्या चुनौतियां हैं तथा उनसे निपटने के लिए क्या किया जा रहा हैं?

**वे बताते हैं कि कलर्ड जैमस्टोन्स की इंडस्ट्री आज की नहीं, बल्कि हज़ारों साल पुरानी है। यह सच है कि विश्व स्तर पर इस समय जिस तरह का घटनाक्रम है, आर्थिक मंदी, राजनीतिक अस्थिरता, विभिन्न देशों के बीच युद्ध तथा टैरिफ संबंधित मामले, इन सब की वजह से चिंता स्वाभाविक है।**




**आईसीए की निगाह पूरे परिदृश्य पर है। मैं इस इंडस्ट्री से जुड़े सभी लोगों से कहना चाहता हूँ कि ICA से जुड़ें, ताकि हम मिलकर समस्याओं का हल ढूंढ़ सकें। साथ ही, हम युवाओं को भी आगे आने और ICA के मेंबर बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।**






प्रेरणा ने इस मौके पर **GIA की प्रेसिडेंट और सीईओ सुज़न जैक्स** से भी मुलाकात की। **सुज़न ने बताया कि अमेरिका में जब हम चौथी से छठी कक्षा के बच्चों को अर्थ साइंस (अर्थात भू-विज्ञान) पढ़ाते हैं, तो उन्हें जैमस्टोन्स के बारे में भी जानकारी दी जाती है।** इसके लिए बाकायदा वीडियो तैयार किए गए हैं, जो इस इंडस्ट्री से जुड़े कारोबारियों के लिए भी बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों को शिक्षित करने के लिए डिजिटाइजेशन आज के समय में बहुत जरूरी हो गया है। हम छोटे-छोटे वीडियो के ज़रिए सरल और प्रभावी ढंग से काफी जानकारी देने की कोशिश करते हैं।



ऑस्टी ली ज्वैलरी



ऑस्टी ली ज्वैलरी



ऑस्टी ली ज्वैलरी

# स्टोरीटेलिंग ही असली लक्ज़री

## JCK वेगास से मेरा अनुभव

**एस्तर लाइटहार्ट**



ऑस्टी ली ज्वैलरी

एस्तर लाइटहार्ट जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एक जाना-माना नाम हैं। उन्हें इस क्षेत्र की गहरी समझ और उस पर उनके विश्लेषण की गहराई उनकी विशेष पहचान है। ज्वैलरी प्रमोशन और ब्रांड बिल्डिंग के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय है।हाल ही में उन्होंने वेगास में आयोजित JCK शो का दौरा किया। इस विजिट को लेकर उन्होंने जैम वर्ल्ड के साथ विशेष रूप से अपने अनुभव साझा किए, जिसे हम यहां प्रस्तुत कर रहे हैं:

इस साल फरवरी माह में मुझे लास वेगास शो के लिए आमंत्रण मिला, चूंकि यह विश्व के अति महत्वपूर्ण ज्वैलरी शोज में से एक है, अतः इसके लिए आमंत्रण मिलना बड़े सौभाग्य की बात थी। मुझे इस शो को फिर से देखने तथा बहुत कुछ नया जानने समझने का मौका मिला।

5 जून को मैंने एम्स्टर्डम से लास वेगास के लिए सीधी उड़ान भरी। वहां पहुंचने के बाद, मैंने फ्लाइट में साथ आए एक यात्री के साथ टैक्सी साझा की। बातचीत शुरू हुई तो सफर उम्मीद से कहीं ज़्यादा दिलचस्प बन गया। वह थे फ्रेडरिक डेग्राइस, जो iTraceit नाम की कंपनी के सीईओ हैं। उनकी कंपनी ब्लॉकचेन तकनीक की मदद से mines to consumer तक की पूरी सप्लाई चेन को पारदर्शी और ट्रेस करने योग्य बनाती है। हमारी बातचीत जल्दी ही जैम और ज्वैलरी इंडस्ट्री की एक बड़ी चिंता—पारदर्शिता और ट्रेसबिलिटी—की ओर मुड़ गई।



स्टीवन रॉयस

### शो के फ्लोर पर

जब हम शो के फ्लोर पर पहुंचे, तो यह साफ़ नजर आ रहा था कि दुनिया भर की चुनौतियों, बाजार की अनिश्चितता और



लिडिया कोर्टे



सेल्फ़ी विद ऑस्टी ली

टैरिफ को लेकर चल रही चिंताओं के बावजूद भी व्यापार हो रहा था। पूछताछ हो रही थी, खरीद-बिक्री चल रही थी, बातचीत हो रही थी और नए संपर्क भी बन रहे थे और वह भी पूरी तरह स्वाभाविक तरीके से। हालांकि, प्राकृतिक हीरों से जुड़े कारोबारियों और कंपनियों में हल्की चिंता ज़रूर दिखाई दे रही थी।

बूथों पर ग्राहक और ट्रेड विज़िटर्स मौजूद थे, जो बातचीत के ज़रिए बाज़ार की स्थिति और आने वाले समय को समझने की कोशिश कर रहे थे। प्राकृतिक हीरों की बिक्री में आई गिरावट अब कोई असहज बात नहीं रही, यह एक ऐसा सच है जिसे अब नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। इसकी तुलना में, लैब-ग्रोन डायमंड्स की मांग लगातार बढ़ रही है, सिर्फ़ कम कीमत की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए भी कि उपभोक्ता इन्हें एक नई तकनीक और टिकाऊ विकल्प के रूप में देख रहे हैं।

शो में एक दिलचस्प परिदृश्य यह देखने को मिला कि बिक्री वहां अधिक थी जहां स्टोरी टैलिंग थी और जिन स्टोरीज में सच्चाई थी। यह सच था कि जहां कम कीमत और अधिक वजनी कैरेट का माल था, वहां भीड़ थी, लेकिन गंभीरता वहां देखी गई जहा उत्पत्ति, कारीगरी और टिकाऊपन की झलक थी, जो दर्शकों को न केवल आकर्षित कर रही थी, बल्कि उन्हें जोड़ भी रही थी।

रैपापोर्ट ब्रेकफास्ट के दौरान पारदर्शिता और ट्रेसबिलिटी को लेकर अच्छा ख़ासा ज़ोर दिया गया, जो शायद ही पहले कभी देखा गया हो। हालांकि, कई रिटेलर्स का कहना था कि आम ग्राहक अक्सर यह नहीं पूछता कि हीरा कहां से आया है। अगर कभी पूछता भी है, तो उसका आधार ज़्यादातर फिल्मों या पॉप-कल्चर की कहानियां होती हैं, जैसे ब्लड डायमंड। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यह विषय महत्वहीन है यह गहराई से मायने रखता है। कुछ लोगों के लिए हीरे की अरबों साल पुरानी यात्रा की कहानी ही बेहद खास होती है, जबकि दूसरों के लिए यह जानना ज्यादा अहम होता है कि हीरों की कमाई से बोत्सवाना जैसे देशों में स्कूल और अस्पताल चलते हैं।

JCK वेगास में बोत्सवाना की मौजूदगी



ले विआन

खास तौर पर महसूस की गई। 'हाउस ऑफ बोत्सवाना' नाम से एक विशेष पवेलियन बनाया गया था, और खुद देश के राष्ट्रपति ने शो में आकर यह दिखाया कि बोत्सवाना के विकास में डायमंड उद्योग कितना महत्वपूर्ण है। वहां कई प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाई जा रही थीं, जो लोगों का नजरिया बदलने वाली थीं और भरोसा भी जगा रही थीं।

डायमंड के अलावा कलर्ड जैम स्टोंस ने भी शो में अपनी एक खास चमक बना रखी थी। एक स्टॉल थी आस्टी ली की, जिसमें उन्होंने जैम स्टोंस ज्वैलरी की नायाब रेंज प्रस्तुत की थी। जो भी सामने से गुजरता, रूकता और पूछ-परख भी करता। उन्होंने पहली बार इस शो में हिस्सा लिया और यहां मिले रेस्पॉन्स से बहुत उत्साहित दिखाई दिए। अपनी ज्वैलरी डिजाइन में उन्होंने कलात्मकता तथा तकनीक का जो सामंजस्य दर्शाया वह सच में लाजवाब था।

जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में डिजाइन व कारीगरी का अपना महत्व है, पर अब स्टोरी टैलिंग का भी समानांतर महत्व हो गया है। मैं अपने रिटेलर्स और डिजाइनर्स को लगातार कहती भी हूं कि एक जैम स्टोन की खदान से लेकर पहनने वाले



ले विआन

तक की जो यात्रा है, उसकी स्टोरी कम महत्वपूर्ण नहीं होती बल्कि इस स्टोरी से प्रोडक्ट पर टोटल इंपेक्ट व इफेक्ट बढ़ता है।

# ट्रेंडी अफेयर्स



EMERALDO BRACELET
Photo Courtesy:
Savio Jewellery

जैमस्टोन किसी भी ज्वैलरी के लिए बड़ा आकर्षण होता है उच्चकोटि के जैमस्टोन्स और बेहतरीन ज्वैलरी डिजाइंस यहाँ दर्शाए गए हैं जो नवीनतम ट्रेंड में हैं।



DIAMOND PENDENT
Photo Courtesy:
Achal Jewels



18 K GOLD PINK SAPPHIRE PENDANT
Photo Courtesy:
Onsaz Jewellers



PERIDOT DIAMOND RING
Photo Courtesy:
Gem Plaza



PADPRADSCHA SAPPHIRE
Photo Courtesy:
Biharilal Holaram





POLKI NECKLACE
Photo Courtesy:
Achal Jewels



GREEN TOURMALINE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



POLKI AND EMERALD
NECKLACE SET

Photo Courtesy:
Birdhichand Ghanshyamdas



RUBY

Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



RUBY

Photo Courtesy:
Biharilal Holaram



TANZANITE

Photo Courtesy:
Ratan Jewellers & Sons



POLKI NECKLACE SET

Photo Courtesy:
Achal Jewels



INVISIBLE EARRINGS

Photo Courtesy:
Savio Jewellery



THE REALM OF
RUSSIAN EMERALDS

Photo Courtesy:
Baid Trading Corporation



MULTI SAPPHIRE
DIAMOND EARRING

Photo Courtesy:
Gem Plaza



ECHOES OF EMERALD -
A FRONT BACK DANCE IN WHITE GOLD
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



EMERALD DROPS NECKLACE
Photo Courtesy:
Ram Narayan & Company



18K GOLD BI-COLOR
TOURMALINE PENDANT
Photo Courtesy:
Onsaz Jewellers



EMERALD DIAMOND
NECKLACE
Photo Courtesy:
Achal Jewels



EMERALD
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



GREEN TOURMALINE .
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



AQUAMARINE
Photo Courtesy:
Gem India Exports



ZAMBIAN EMERALD DIAMOND EARRING
Photo Courtesy:
Royal Gems & Jewels



PINK TOURMALINE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.





SUKANYA
Photo Courtesy:
Jaipur Ratna

DIAMOND BEADS
Photo Courtesy:
Ratan Jewellers & Sons



PEARLS, DIAMONDS & POLKI EARRINGS
Photo Courtesy:
Shree Jee Jewels



RUBELLITE
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



CARVING PENDANT
Photo Courtesy:
GIE Gold Creations Pvt. Ltd.



MORGANITE
Photo Courtesy:
Gem India Exports



THE REALM OF GEMSTONES
Photo Courtesy:
Baid Trading Corporation

TANZANITE



RUBELLITE

PARAIBA

MORGANITE

Photo Courtesy:
RMC Gems



MUGHAL DARBAR
Photo Courtesy:
Jaipur Ratna



TANZANITE
Photo Courtesy:
Gem India Exports



MORGANITE
Photo Courtesy:
Precitone Co.Ltd.



EMERALD
& POLKI NECKLACE
Photo Courtesy:
Shree Jee Jewels



EMERALD PEAR
SHAPED CUT STONE
Photo Courtesy:
Ramnarayan & Co.



A TALE OF TWO PEARS -
DIAMONDS TO EMERALD
IN ONE BOLD CURVE
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



EMERALD DIAMOND
EARRINGS
Photo Courtesy:
Royal Gems & Jewels



YELLOW DIAMOND NECKLACE
Photo Courtesy:
Gem Plaza



CRIMSON GEOMETRY -
A STYLISH PARTYWEAR BAND
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd



BIG JADAU PENDANT
Photo Courtesy:
GIE Gold Creations Pvt. Ltd.



MULTI TOURMALINE CABS
Photo Courtesy:
RGS Creation



SPESSARITE
Photo Courtesy:
RGS Creation



AQUAMARINE
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



MULTI SAPPHIRE DIAMOND BRACELET
Photo Courtesy:
Gem Plaza



ORBIT OF OPULENCE ROUND ELEGANCE REIMAGINED
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd







POLKI AND EMERALD NECKLACE
Photo Courtesy:
Birdhichand Ghanshyamdas



TOURMALINE
Photo Courtesy:
Gem India Exports

## COMPANY & EMAIL ADDRESS

| | |
|---|---|
| ACHAL JEWELS | office@achaljewels.com |
| BAID TRADING COMPANY | baidtradingcorporation@yahoo.com |
| BIHARILAL HOLARAM | anand@lakhi.net |
| BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS | pr@birdhichand.com |
| GEM INDIA EXPORTS | info.gemindiaexports@gmail.com |
| GEM PLAZA JEWELLERY MFG. CO. PVT. LTD. | mail@gemplaza.net |
| GIE GOLD CREATIONS PVT. LTD. | giegoldcreations@gmail.com |
| JAIPUR RATNA | rea@jaipurratna.com |
| LUNAWAT GEMS | tech@lgcindia.com, jg@lgcindia.com |
| ONSAZ JEWELLERS CREATIONS | anandrao@onsazjewellery.com |
| PRECITONE CO. LTD. | anu@precitone.com |
| RAMNARAYAN & CO. | ramnarayanco501@gmail.com |
| RATAN JEWELLERS & SONS | ratanjewellersindia@gmail.com |
| RGS CREATION | rgscreations4@gmail.com |
| RMC GEMS | gyan.rmc@gmail.com |
| ROYAL GEMS & JEWELS | yashdusad1@gmail.com |
| SAVIO JEWELLERY | saviojewellery@gmail.com<br>factorysavio@gmail.com |
| SHREE JEE JEWELS | harshita@shreejeejewellers.in |
| VALENTINE JEWELLERY (I) PVT. LTD. | order@valentinejewelleryindia.com |


SHARE YOUR EXPERTISE
WITH
GEM WORLD MAGAZINE



GEM WORLD
Official Magazine Of **The Jewellers Association, Jaipur**

**Have insights on gemstones or jewellery?**

Share your articles with us and reach a vast audience of readers and professionals. Your work will be published with your name, boosting your recognition in the industry.

**More enquiry, contact:**

**+91 99502 11331**
**+91 72299 54040**
gemworld@jajaipur.com

BTC

BAID TRADING CORPORATION

*Radiant Beauty*

**Discover the allure of**
**Russian Emeralds & Navratna Stones**



PRAKASH BAID
SAURABH BAID : +91-98290-37360

GAAUTAM OSWAAL : +91-99286-44242
DIVYANSH BAID : +91-98284-20408


Savio®
Jewellery
GUINNESS WORLD RECORD HOLDER (2015-2018)
Jewellery House honoured by the President of India Late Shri Pranab Mukherjee
CORPORATE OFFICE: 223-224, 1st Floor, Apex Mall, Lal Kothi, Tonk Road, Jaipur 302015, INDIA, Tel: 0141-4012211
FACTORY E-71, Ground Floor, Sitapura Industrial Area, EPIP Gems Jewellery Zone, Jaipur 302022, INDIA, Tel: 0141-2991499
saviojewellery
saviojewellery@gmail.com
www.saviojewellery.com















# Ratan Jewellers & Sons

E-mail : ratanjewellersindia@gmail.com
Website : www.ratanjewellersindia.com

M.L.D.

Our Sister concern firm is

# Beads Paradise

Email : info@beadsparadiseindia.com

**Exporters, Importers, Manufacturers and Commission Agents of all Types of Precious and Semi-Precious Beads.**

**We Also Deals in Rough Stones**

Contact Persons:

| | |
|---|---|
| Mahaveer Daga | +91-98290-12571 |
| Sanjay Daga | +91-98292-92571 |
| Gautam Daga | +91-94140-42853 |
| Akshay Daga | +91-98295-95484 |

4872, K.G.B. Ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur-302 003 (India) | Ph.: +91 141 2578082 | Fax : +91 141 2575671




SHREE JEE
JAIPUR

*Fine Jewelry*
*Since Generations*

G-10 Man Upasana Plaza, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur

Book An Appointment +91 9950514440 +91 0141 2371444 shreejeejeweller.com shreejeejaipur


JEWELS OF JAIPUR™
/jewelsofjaipur
GIE GOLD CREATIONS PVT. LTD.


ROYAL
GEMS & JEWELS
FINE JEWELLERY BOUTIQUE STORE
135, M.I. Road, Jaipur - 302001 INDIA
Phone:0141-4901188, Mobile:+91-98292-66772, Email: info@royalgemsandjewels.com,
Website: www.royalgemsandjewels.com
Instagram: royalgemsandjewels



Bracelet: The Bianca Bracelet

**AARUSHI DHUPIA**

*Email: aarushidhupia44@gmail.com*



Brooch: The Royal Polo Brooch

**AASHI BINDAL**

*Email: aashibindal92006@gmail.com*



Earring: The Royale Blush Cascade Earrings

**NAVYA SETHI**

*Email: navyasethi09@gmail.com*

# डिज़ाइन स्पीक

**डिज़ाइन स्पीक रत्नाभूषण उद्योग में आने वाली प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए जैम वर्ल्ड की एक पहल है।**

डिज़ाइन स्केच:
**ज्वैल एक्सेल बाय अमिता जैन**
की उभरती प्रतिभाओं द्वारा



Kilangi: Dastaan-e-Ratan Kilangi

**ALFIYA KHAN**

*Email: alfiyakhan9829@gmail.com*



Necklace: The Lotus Regalia Choker

**GARIMA CHANDU JAIN**

*Email: garima29.hr@gmail.com*



Necklace: The Rosy Enchantment Choker

**HITESHI BAGRECHA**

*Email: hiteshibagrecha123@gmail.com*



Necklace: The Emerald Empress Choker
**HRIDAYA SONI**
*Email: sonihridaya818@gmail.com*



Necklace: Ramalayam Necklace
**NICKY AGARWAL**
*Email: nickygoyal100@gmail.com*



Earring: The Ocean Bloom Earring
**SUHANI JAIN**
*Email: s.uhanik@yahoo.com*



Necklace: The Nav Nakshatra Navratan Choker
**VRINDA AGARWAL**
*Email: vrinda.2596@gmail.com*



Bracelet: The Ruby Gaja Bracelet
**PALAK RAWAT**
*Email: rawatpalak19@gmail.com*



Earring: The Pearlescent Bloom Earrings
**SARITA SONI**
*Email: shridesigns1986@gmail.com*



Necklace: The Imperial Pride Necklace
**SAKSHI KHAJANCHI**
*Email: skhajanchi4@gmail.com*



Necklace: Crystal Azure Necklace
**SHUBHIKA AGARWAL**
*Email: agarwalshubi2003@gmail.com*

# अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ: जैम एंड ज्वैलरी क्षेत्र के लिए अवसर

## *नए कारोबारी रुख की हवा*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय वस्तुओं के आयात पर जो 25 प्रतिशत टैरिफ आरोपित किया है, उसे देखकर प्रथम बार तो यह लगता है कि इसका नकारात्मक असर आ सकता है, खासकर उन कारोबारियों लिए जो पूरी तरह अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं। पर यह स्थिति भारत के लिए एक अवसर भी है, इसलिए कि रत्नाभूषण निर्यात बाजार में वैश्विक स्तर पर भारत की भागीदारी अभी 3 प्रतिशत या इससे भी कम है। ऐसे में भारतीय रत्नाभूषण निर्यात करने वाले कारोबारी विश्व के अन्य बाजारों में पहुंच कर वहां संभावनाएं तलाश कर उनका दोहन कर सकते हैं। भारतीय निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण है बाजार विविधिकरण तथा डिजाइन इनोवेशन, इसके जरिए उक्त टैरिफ के असर को दीर्घकालिक आधार पर कम किया जा सकता  हैं। हालांकि रत्नाभूषण इंडस्ट्री के लिए यह थोड़ा चिंताजनक विषय है, पर इस स्थिति से हमें खुद उबरना है। हमें एक व्यापक निर्यात बाजार मॉडल बनाने की जरूरत है, ताकि दुनिया के हर कोने तक हम पहुंच सकें। सरकार सदा से सहयोगी रही है और इस वक्त भी सरकार से हम यह उम्मीद अवश्य कर रहे हैं कि जो हालात बने हैं, उनका सामना करने की क्षमता विकसित करने के लिए रत्नाभूषण निर्यातकों के लिए प्रोत्साहन योजना प्रस्तुत करे।



*वैश्विक बाजार व्यापार परिस्थितियों में बदलाव हो रहा है, यह टैरिफ एक वेक-अप कॉल है। हालांकि अल्प काल के लिए नुकसान हो सकता है लेकिन इसमें अवसर भी छुपा हुआ है। जयपुर के रत्नाभूषण कारोबार की मजबूती यहां की कारीगरी कुशलता, इन्नोवेशन और नए बाजार कि खोज में है। ऐसा कर के हम और मजबूत तथा अधिक व्यापक हो सकते हैं।*

**- आलोक सौंखिया**
अध्यक्ष, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर



*हम प्रोडक्ट इनोवेशन, बाजार विविधिकरण और नई तकनीक के माध्यम से प्रतिस्पर्धा में बेहतर बने रहेंगे। आटोमेशन और कुशल कारीगरी हमारी मजबूती हैं।*

**– नीरज लुणावत**
